अयोध्या धाम में वॉल पेंटिंग से लेकर रेत शिल्प पर उकेरे जा रहे भगवान राम

संस्कृति विभाग के तहत ललित कला अकादमी की ओर से तैयार की गई है कार्यक्रमों की पूरी रूपरेखा

पायनियर समाचार सेवा। अयोध्या, लखनऊ

योगी सरकार अयोध्या धाम में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की भव्यता और दिव्यता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्थानों पर कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन कर रही है। इसकी जिम्मेदारी संस्कृति विभाग को सौंपी गई है। संस्कृति विभाग के अंतर्गत आने वाले ललित कला अकादमी की ओर से कार्यक्रमों की पूरी रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत अयोध्या धाम की प्रमुख दीवारों पर वॉल पेंटिंग कार्यशाला, सरयू नदी के तट पर भगवान राम पर आधारित रेत शिल्प के अलावा राम बाल लीला, कलाकृतियों की प्रदर्शनी, मेंहदी एवं फूलों की वाटिका और फोटोग्राफी जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 18 जनवरी से ये कार्यक्रम पूरी गति से शुरू हो चुके हैं और प्राण प्रतिष्ठा तक और इसके बाद भी यह अनवरत जारी रहने वाले हैं।

राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश की निदेशक डॉ श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि अयोध्या धाम के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास सीआरपीएफ की दीवार पर लगभग तीन हजार वर्गफीट, अयोध्या कलेक्ट्रेट भवन की दीवार पर लगभग 1500 वर्गफीट एवं राम की पैड़ी मार्ग पर स्थित सिंचाई विभाग के भवन की दीवार पर लगभग 1200 वर्गफीट के क्षेत्र में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के लगभग 40 कलाकारों द्वारा वॉल पेंटिंग की जा रही है। इसके अलावा महर्षि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर महर्षि वाल्मीकि की ब्रांज की प्रतिमाए सूर्यकुंड पर भगवान सूर्य एवं गणेश कुंड पर भगवान गणेश की ओडिशा सैंड स्टोन की प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। वहीं 18 जनवरी से भगवान राम एवं रामचरित पर आधरित भगवान राम की बाललीला, भगवान राम की गुरुकुल लीला, हनुमान लीला, ताड़का वध, सीता स्वयंवर, राम.जटायु मिलन, हनुमान सीता मिलन जैसे विभिन्न परिदृश्यों पर चित्रकला के साथ मूर्तिकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जो 26 जनवरी तक चलेगी। इसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 50 कलाकारों द्वारा 40 चित्रों एवं 10 मूर्तियों का सृजन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश के 10 जनपदों गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, झांसी, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, मेरठ, बरेली और लखनऊ में भगवान श्रीराम और उनके जीवन चरित्र पर आधारित होम स्टूडियो कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला 1 फरवरी से 29 फरवरी के बीच होगी। कार्यशाला में चयनित कलाकृतियों की प्रदर्शनी का आयोजन अयोध्या धाम में किया जाएगा।

आगन्तुकों की सेवा के लिए तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की टेंट सिटी तैयार

अयोध्या,लखनऊ। मणि पर्वत के निकट तीर्थ क्षेत्र पुरम समेत राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा तैयार सभी टेंट सिटी में व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। आवासीय व्यवस्था के तहत मणि पर्वत के पास तैयार किए गए तीर्थ क्षेत्र पुरम में आठ हजार बिस्तर आगंतुकों के लिए हैं। पूरे परिसर को छह क्षेत्र में बांटा गया है। इसके अलावा छावनी के योग केंद्र और कारसेवकपुरम में भी आवासीय व्यवस्था पूर्ण हो गई है। विगत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली थी। तीर्थ क्षेत्र पुरम में पांच भोजनालय प्रारंभ हो गए हैं, इसमें करीब 2000 लोगों का भोजन रोज बन रहा है। यहां का दस शैया वाला अस्पताल भी 20 चिकित्सकों के साथ चिकित्सा व्यवस्था संभाले हुए है। कई चिकित्सक रिजर्व में भी हैं। विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त महामंत्री और आवास योजना के प्रभारी कोटेश्वर शर्मा ने बताया कि तीर्थ क्षेत्र द्वारा बसाई गई तीनों टेंट सिटी में सभी सुविधाएं जुटा ली गई हैं। तीर्थ क्षेत्र पुरम में 300 वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है इसके अलावा दोपहिया वाहनों की पार्किंग भी बनाई गई है। छावनी योग केंद्र की टेंट सिटी के प्रभारी क्षेत्रीय संगठन मंत्री विश्व हिन्दू परिषद मनोज हैं। यहां की व्यवस्था में दर्शन, महेश, डा परमानंद, रनदीप पोखरिया, धईरजजई, कुलदीप रावल, ब्रजेशानंद, राम मिलन, पंकज आदि लगे हैं। इसके अलावा कारसेवकपुरम की टेंट सिटी भी आगंतुकों की अगवानी को तैयार है।

● प्रतिदिन बन रहा 2000 लोगों का भोजन मणि पर्वत के पास तीर्थ क्षेत्र पुरम में 8000 लोगों के लिए की गई रुकने की व्यवस्था

रेतशिल्प की कलाकृति से बनाएंगे विश्व कीर्तिमान

राज्य ललित कला अकादमी, संस्कृति विभाग की ओर से महिलाओं और बालिकाओं के लिए मेंहदी एवं फूलों की वाटिका कार्यशाला का आयोजन एशिया डेलफिक काउसिंल के सहयोग से किया जाएगा, जिसमें एक हजार कलाकार प्रतिभाग करेंगे। इसके अलावा रामोत्सव के कार्यक्रम के मद्देनजर प्रदेश एवं देश के फोटोग्राफी कलाकारों के लिए स्वतंत्र फोटोग्राफी प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरुआत 20 जनवरी को होगी और समापन 23 जनवरी को होगा। प्रतियोगिता में चयनित कृतियों की प्रदर्शनी अकादमी की ओर से रामकथा पार्क लगाई जाएगी। वहीं विजेता कलाकारों को पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। इतना ही नहीं नयाघाट स्थित सरयू नदी के तट पर ओडिशा के अंतरराष्ट्रीय रेतशिल्प कलाकार पद्मश्री डॉ सुदर्शन पटनायक अपने सात सहयोगी कलाकारों के साथ भगवान श्रीराम एवं रामचरित आधारित रेतशिल्प कला शिविर का आयोजन करेंगे, जिसे विश्व रिकार्ड में दर्ज कराया जाएगा।

बुजुर्गों, दिव्यांगों व गर्भवती महिलाओं को ई-कार्ट से श्रीरामलला के दर्शन कराएगी योगी सरकार

● कॉर्पोरेट हाउसेस के सीएसआर फंड से चलाई जाएंगी ई कार्ट, पहले चरण में उतारी जाएंगी 650 ई कार्ट

अयोध्या,लखनऊ। 22 जनवरी को नव्य मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए योगी सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं। इसी क्रम में सरकार श्रीरामलला के दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं को राम मंदिर और हनुमान गढ़ी तक पहुंचाने के ई कार्ट चलाएगी। ये ई कार्ट या गोल्फ कार्ट बुजुर्गोंए दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं के लिए नि:शुल्क होंगी। इस महत्वपूर्ण योजना को मूर्त रूप देने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने निजी औद्योगिक घरानों को प्रस्ताव भेजा है। यह प्रयास किया जा रहा है कि निजी औद्योगिक घराने अपने सीएसआर फंड के माध्यम से अयोध्या में इस सेवा के लिए डोनेशन प्रदान करें, ताकि बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को राहत प्रदान की जा सके। वहीं अयोध्या विकास प्राधिकरण का फैसिलिटी मैनेजमेंट पार्टनर कवच ग्लोबल जल्द ही 650 ई कार्ट्स को रोड पर उतारने जा रहा है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु नए मंदिर में श्रीरामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या आएंगे। इसमें दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं भी शामिल होंगी। जो श्रद्धालु अपने वाहनों से अयोध्या आएंगे उन्हें पार्किंग स्थल पर ही ई कार्ट की सुविधा मिलेगी, जिसके माध्यम से वो हनुमान गढ़ी और श्रीरामलला के दर्शनों के साथ ही धाम में स्थित अन्य धार्मिक स्थलों तक जा सकेंगे। बुजुर्गोंए दिव्यांगो और गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सेवा उपलब्ध कराने की योजना है। राम मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को यह ई कार्ट जन्मभूमि पथ तक ले जाएगी, यहां से बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं गर्भवती महिलाओं को व्हीलचेयर की सुविधा मिलेगी, जो बिल्कुल निशुल्क है। उन्होंने बताया कि कम समय में अधिक से अधिक श्रद्धालु श्रीरामलला के दर्शन कर सकें, इसके लिए यह व्यवस्था शुरू करने की योजना है। इसके लिए हमने उन कॉर्पोरेट हाउसेस को यहां ई कार्ट या गोल्फ कार्ट सेवा प्रदान करने के लिए कंट्रीब्यूशन हेतु प्रस्ताव भेजा है। ये ऐसे कॉर्पोरेट हाउसेस हैं जो पहले भी अपने सीएसआर फंड के माध्यम से अयोध्या में सेवा कार्य करने को लेकर अपनी इच्छा जाहिर कर चुके हैं। इनकी सहमति मिलने के बाद इस योजना को बड़े पैमाने पर लागू किया जाएगा।

पहले चरण में आएंगी 650 ई काट्र्स: अयोध्या विकास प्राधिकरण के फैसिलिटी मैनेजमेंट पार्टनर कवच ग्लोबल कनेक्ट्स प्रालि भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कवच ग्लोबल के डायरेक्टर तक्ष रावल ने बताया कि हमें टेंडर के माध्यम से अयोध्या विकास प्राधिकरण में विभिन्न लोकेशन मिली हैं। इन लोकेशंस पर हम श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में हमारी योजना है कि श्रद्धालुओं को इन लोकेशंस से 12 सीटर और 18 सीटर ई कार्ट की सुविधा मिले जो उन्हें अयोध्या के विभिन्न धार्मिक स्थलों की सैर कराए।

अयोध्या धाम के छह प्रमुख मार्गों पर होगा 200 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन

श्रद्धालुओं, यात्रियों एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए अलग-अलग 5 कलर कोड में चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्याधाम में श्री राम जन्मभूमि परिसर में निर्मित पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में व इसके बाद भी आने वाले श्रद्धालुओं, यात्रियों एवं पर्यटकों तथा स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए तथा उन्हें आरामदायक एवं सुलभ परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए नगर विकास विभाग द्वारा अयोध्याधाम के छह रूटों पर 200 इलेक्ट्रिक बसों को संचालित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में मुख्यमंत्री ने अयोध्यावासियों के लिए 50 ई.बसों और 25 ई.आटो की सौगात दी थी। ई.बसों के संचालन से अयोध्यावासियों और पर्यटकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में इन बसों में यात्री सफर भी कर रहे हैं। योगी सरकार के इस निर्णय से अयोध्या आने वाले यात्रियों और श्रद्धालुओं को काफी राहत मिलेगी। नगर विकास मंत्री ने कहा कि 14 जनवरी को मुख्यमंत्री द्वारा एयरपोर्ट से अयोध्या धाम के लिए भी ई.बस सेवा का शुभारम्भ किया गया। आगामी 20 जनवरी तक नगर विकास विभाग द्वारा 200 इलेक्ट्रिक बसों को संचालित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त 4 ई.बसें का एयरपोर्ट के यात्रियों की सुविधा के लिए महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से श्रीराम जन्मभूमि तक वाया लता मंगेशकर चौक मार्ग पर संचालन कराया जायेगा। जिन छह रूटों पर इन बसों का संचालन किया जाना है उसमें 23 किलोमीटर लम्बे कटरा रेलवे स्टेशन से सहादतगंज पर लाल कलर कोड की 40 बसें चलेंगी, जिससे गोरखपुर एवं गोण्डा व इससे जुड़े मार्गों से आने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। सलारपुर से अयोध्याधाम बस स्टेशन तक 22 किमी लम्बे मार्ग पर पीले कलर कोड की 40 बसें, इससे लखनऊ मार्ग से आने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। अयोध्याधाम बस स्टेशन से भरतकुंड तक 41 किमी लम्बे मार्ग पर नारंगी कलर कोड की 40 बसों से प्रयागराज एवं सुल्तानपुर व इससे जुड़े मार्गो से आने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। अयोध्याधाम बस स्टेशन से बारून बाजार तक 33 किमी लम्बे मार्ग पर बैगनी कलर कोड की 40 बसों से बांदा एवं झांसी व इससे सम्बद्ध मार्ग के यात्रियों को सुविधा मिलेगी। अयोध्याधाम बस स्टेशन से पूरा बाजार तक 33 किमी0 लम्बे मार्ग पर हरे कलर कोड की 40 बसें चलायी जायेंगी, इससे वाराणसी एवं अकबरपुर व इससे सम्बद्ध मार्ग से अयोध्याधाम आने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से श्रीराम जन्मभूमि तक वाया लता मंगेशकर चौक से 17 किमी लम्बे मार्ग पर 4 इलेक्ट्रिक बसें चलायी जायेंगीए इससे एयरपोर्ट से आने वाली यात्रियों को सुविधा मिलेगी। एके शर्मा ने कहा कि वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें व ई.ऑटो श्रद्धालुओं, यात्रियों एवं दर्शनार्थियों के लिए काफी सुलभ,सुरक्षित एवं लोकप्रिय पब्लिक ट्रॉन्सपोर्ट के रूप में जानी जायेंगीए इससे लोगों को वायु एवं ध्वनि प्रदूषण से भी मुक्ति मिलेगी।

यह परिवहन सेवा दिव्यांग मित्रों, वृद्धजनों एवं महिलाओं के काफी सुरक्षित है। इन बसों में यात्रियों की सुरक्षा ;विशेष रूप से महिलाओं के लिए 05 सीसीटीवी एवं 10 पैनिक बटन की भी व्यवस्था की गई है तथा सेफ सिटी परियोजना के अन्तर्गत पुलिस हेल्पलाइन डायल यूपी.112 से भी जोड़ा गया है। इन बसों की रियल टाइम लोकेशन प्राप्त करने के लिए इन्हें व्हीकल ट्रैकिंग डिवाइस से भी सुसज्जित किया गया है। चलो ऐप के माध्यम से भी इन बसों की ट्रैकिंग की जा सकेगी। नगर विकास मंत्री ने बताया कि प्रदेश के अलग.अलग मार्गों से अयोध्याधाम आने वाले श्रद्धालुओं, यात्रियों एवं दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए 5 अलग.अलग कलर कोडिंग के साथ इन इलेक्ट्रिक बसों का संचालन कराया जा रहा है।

परिशिष्ट IV-A
अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6)के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड [CIN: L65922DL2005PLC136029] ("सुरक्षित लेनदार द्वारा") द्वारा रचनात्मक कब्जा लिया जा चुका है, 20.02.2024 को दोपहर 02.00 से 04.00 बजे तक "जहां है", "जैसा है", और "जो कुछ भी है", की वसूली के लिए ऋण खाता नं. HHLMER00525926 के लिए रु. 20,05,314/- (रुपए बीस लाख पांच हजार तीन सौ चौदह मात्र) के लिए 10.01.2024 तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागू भावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ 11.01.2024 से प्रभावी जो सुमित शर्मा और डॉली शर्मा पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य रु. 18,00,000/- (रुपए अट्ठारह लाख मात्र) होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट ("ईएमडी") रु. 1,80,000/- (रुपए एक लाख अस्सी हजार मात्र) यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

अचल संपत्ति का वर्णन

मकान नंबर सी-1002 के सभी भाग और खंड, जिसका क्षेत्रफल 31.15 वर्ग मीटर है, सेक्टर 4 में स्थित, पॉकेट-सी, शताब्दी नगर आवासीय योजना, मंगोल रोड, मेरठ-250103, उत्तर प्रदेश और जो निम्नानुसार सीमाबद्ध है:-
पूर्व : 10 मीटर उसके बाद मकान नंबर 1001
पश्चिम : 10 मीटर उसके बाद मकान नंबर 1003
उत्तर : 3.115 मीटर उसके बाद मकान नंबर 969
दक्षिण : 3.115 मीटर उसके बाद 9 मीटर चौड़ी सड़क

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही/-
दिनांक : 16.01.2024
स्थान : मेरठ
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

चित्रकूट से चली श्रीरामचरण पादुका यात्रा आज रामनगरी पहुंचेगी

श्रीराम वन गमनपथ से होते हुए पहुंचेगी यात्रा, 15 जनवरी को शुरू हुई थी यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। अयोध्या, लखनऊ

श्रीराम चरण पादुका यात्रा शुक्रवार को रामनगरी के रामकथा पार्क पहुंचेगी। यात्रा मकर संक्रांति को चित्रकूट से प्रारंभ हुई थी। भरतकूप स्थित कुंड से कलश में जल संग्रह और पादुका पूजन के साथ यात्रा प्रारंभ हुई। यह प्रयागराज, श्रृंगवेरपुर, प्रतापगढ़ होते हुए गुरुवार को सुल्तानपुर पहुंची। यहां रात्रि विश्राम कर शुक्रवार सुबह 10.11 बजे अयोध्या के लिए रवाना होगी। यहां यात्रा के साथ अवध की विभिन्न सांस्कृतिक कलाओं से जुड़े 80 कलाकार भी शामिल होंगे। इस दौरान लोककलाओं से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। अयोध्या में श्रीराम पर आधारित चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। योगी सरकार के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग इसका आयोजन कर रहा ह, जबकि इसमें भारत शक्ति संस्थान का भी सहयोग रहेगा। सुल्तानपुर से श्रीराम चरण पादुका यात्रा सुबह 10.11 बजे निकलेगी, जो नंदीग्राम पहुंचेगी। वहां से अयोध्या के रामकथा पार्क के लिए रवाना होगी। रास्ते में पड़ने वाले नगर व ग्रामों के बाहर इस यात्रा का स्वागत भी किया जाएगा। साथ आ रहे लोगों की मानें तो यात्रा तीन.चार बजे तक रामकथा पार्क पहुंच जाएगी।

यात्रा के साथ अवधी गायन, पेंटिंग व ग्रुप के साथ सांस्कृतिक दल भी चल रहे हैं। सुल्तानपुर में स्थानीय स्तर पर फरुआही, धोबिया नृत्य से जुड़े कलाकार जुड़ेंगे, जो अयोध्या के रामपार्क पहुंचेंगे।

संपूर्ण यात्रा के दौरान बाबा सत्यनारायण मौर्य भी अपनी अद्भुत प्रस्तुति से हर किसी का मन मोह रहे हैं। बाबा व उनकी टीम की तरफ से श्रीराम पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। बतौर चित्रकार बाबा श्रीराम की आकृति भी बनाते हैं।

भरतकूप स्थित कुंड से जल संग्रह कर यात्रा का हुआ था आगाज

श्रीराम चरण पादुका यात्रा 15 जनवरी को भरतकूप स्थित कुंड से कलश में जल संग्रह के साथ प्रारंभ हुई थी। यहां से यात्रा चित्रकूट के विभिन्न मंदिरों से होते हुए निकली थी। चित्रकूट में मंदाकिनी, प्रयागराज में संगम का जल कलश में संग्रहित किया गया। श्रृंगवेरपुर में गंगा नदी का जल संग्रह कर पादुका पूजन किया गया था। 18 को यात्रा सुल्तानपुर पहुंची। यहां गोमती नदी का जल संग्रहित कर चरण पादुका पूजन किया गया।

JM FINANCIAL
जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
कॉर्पोरेट पहचान सं. U67190MH2007PLC74287
पंजीकृत कार्यालयः 7वीं मंजिल, सेनजी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई 400025
संपर्क व्यक्तिः 1. प्रशांत पांडे – 7054013999, 2. विशाल केटेले–9584966653, 3. प्रशांत मोंडे – 022–6224 1676
वेबसाइट– www.jmfinancialarc.com

ई-नीलामी बिक्री सूचना-अनुवर्ती बिक्री

पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में दीवान हाउसिंग एंड फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रूप विदित) ने एक एसाइनमेंट अनुबंध दिनांकित 29 मार्च 2023 ("एसाइनमेंट अनुबंध") के द्वारा वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ("सरफेसी अधिनियम") की धारा 5(1) (बी) के अंतर्गत समस्त अधिकारों, स्वामित्व एवं हित के साथ रेखांकितकारी प्रतिभूति हित के साथ ऋण (निम्न वर्णित ऋणों सहित) का एक पूल, जेएमएफएआरसी (जेएम) (यहां इसमें एसाइनी के रूप में संदर्भित) जेएमएफएआरसी-अरण्य-ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता के अंतर्गत कार्यरत, के पक्ष में सौंप दिया है। यह अधिसूचित किया जाता है कि पीसीएचएफएल को एसाइनमेंट/सर्विस अनुबंध के द्वारा समस्त परिचालनगत एवं कार्यप्रणालियों वाली प्रक्रियाओं का सरलीकरण करने हेतु सेवा प्रदाता/संग्रहण अभिकर्ता के रूप में कार्य करने के लिये प्राधिकृत एवं नियुक्त किया गया है।

उधारकर्ता/ओं से बकाया राशि की वसूली करने हेतु सरफेसी अधिनियम 2002 के अंतर्गत प्रतिभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसंपत्ति का अधिग्रहण किये जाने के अनुसरण में, अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा यहां निम्न उल्लिखितानुसार अचल संपत्ति, जो कि भौतिक अधिग्रहण के अधीन है, जिसके विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत हैं, के क्रयार्थ "जैसी है जहां है आधार", "जैसी है जो है आधार" तथा "वहां जो कुछ भी है के आधार" पर प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं:

ऋण कोड/शाखा/उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर	मांग सूचना की तिथि एवं राशि	सम्पत्ति का पता - अंतिम	आरक्षित मूल्य	जमा धरोहर राशि (ईएमडी) (आरपी का 10%)	बकाया राशि (12.01.2024)
ऋण कोड सं. 12000004359, वाराणसी (शाखा), अखिलेश कुमार भारद्वाज (उधारकर्ता), किरण देवी (सह ऋणकर्ता 1) आशीष भारद्वाज (गारंटर 4)	दिनांक 20-07-2021 रु. 36,18,289/- (रु. छत्तीस लाख अट्ठारह हजार दो सौ नवासी मात्र)	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जिसका विस्तारितः अराजी नं. 285, मौजा खजुरी, परगना शिवपुर वार्ड सारनाथ वाराणसी वाराणसी उत्तर प्रदेश- 221007 में स्थित	रु. 19,89,000/- (रु. उन्नीस लाख नवासी हजार मात्र)	रु. 1,98,900/- (रु. एक लाख अट्ठान्वे हजार नौ सौ मात्र)	रु. 49,97,767/- (रु. उनचास लाख सत्तान्वे हजार सात सौ सडसठ मात्र)
ऋण कोड सं. 06000007211, लखनऊ (शाखा), कोस्मो फाउंडेशन (उधारकर्ता), रोहित भसीन (सह-उधारकर्ता 1) राज भसीन (सह-उधारकर्ता 2) हर्षिनी भसीन (गारंटर 1)	दिनांक 27-12-2022 रु. 96,92,127/- (रु. छियान्वे लाख बान्वे हजार एक सौ सत्ताईस मात्र)	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जिसका विस्तारितः खसरा नं. 137 मिन का प्लॉट, चिनहट लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226001 में स्थित	रु. 1,99,71,000/- (रु. एक करोड़ निन्यान्वे लाख इकहत्तर हजार मात्र)	रु. 19,97,100/- (रु. उन्नीस लाख सत्तान्वे हजार एक सौ मात्र)	रु. 1,14,86,763/- (रु. एक करोड़ चौदह लाख छियासी हजार सात सौ तिरेसठ मात्र)
ऋण कोड सं. 29400000051, इलाहाबाद (शाखा), संदीपकुमार मिश्रा (उधारकर्ता), छाया मिश्रा (सह-उधारकर्ता 1)	दिनांक 08-10-2021 रु. 18,31,491/- (रु. अट्ठारह लाख इकतीस हजार चार सौ इक्यान्वे मात्र)	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जिसका विस्तारितः अराजी नं. 841, मौजा मलक हरहर उपरहार, परगना नवाबगंज, तह. सोरांव इलाहाबाद इलाहाबाद उत्तर प्रदेश- 211013 में स्थित	रु. 18,00,000/- (रु. अट्ठारह लाख मात्र)	रु. 1,80,000/- (रु. एक लाख अस्सी हजार मात्र)	रु. 25,09,526/- (रु. पच्चीस लाख नौ हजार पाँच सौ छब्बीस मात्र)
ऋण कोड सं. 12000004956, वाराणसी (शाखा), संजय कुमार (उधारकर्ता), यशोदा देवी (सह-उधारकर्ता 1)	दिनांक 29-10-2019 रु. 17,96,488/- (रु. सत्रह लाख छियान्वे हजार चार सौ अट्ठासी मात्र)	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जिसका विस्तारितः अराजी नं. 1002का, मौज़ा धरना परगना मवई चंदौली, चंदौली, उत्तर प्रदेशरू- 232101 में स्थित	रु. 14,49,000/- (रु. चौदह लाख उनचास हजार मात्र)	रु. 1,44,900/- (रु. एक लाख चौवालीस हजार नौ सौ मात्र)	रु. 33,12,123/- (रु. तैंतीस लाख बारह हजार एक सौ तेईस मात्र)

ई-नीलामी की तिथि: 13-02-2024 को प्रातः 11.00 से अपं. 2.00 बजे तक (5 मिनट के प्रत्येक असीमित विस्तार के साथ),
बोली जमा करने की अंतिम तिथि : 12-02-2024 को 4.00 बजे या उससे पहले

विक्रय के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये कृपया https://www.jmfinancialarc.com/Home/Assetsforsale या https://www.bankauctions.in पर उपलब्ध लिंक का संदर्भ लें

ऋणकर्ता/ गारंटर / बंधककर्ता हेतु सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत 15 दिवसीय सांविधिक विक्रय सूचना

उपरोक्त उल्लिखित ऋणकर्ता / गारंटर को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे धारा 13(2) के अंतर्गत निर्गत सूचना में उल्लिखितानुसार राशि का नीलामी की तिथि से पूर्व दिनांक तक उपार्जित ब्याज के साथ पूर्ण भुगतान कर दें। भुगतान करने में विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी / बिक्री कर दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, की वसूली ऋणकर्ता/गारंटर से ब्याज व लागत के साथ की जायेगी।

दिनांक : 19-01-2024
स्थान : यू.पी/यूके
हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी)
(अरण्य - ट्रस्ट)

सुहागनगरी से 10 हजार चूड़ी तथा कंगन के बाक्स को पर्यटन मंत्री ने महासचिव को सौंपा

लखनऊ। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह जी के नेतृत्व में सुहागनगरी फिरोजाबाद से आयी माता जानकी के सुहाग का आर्शीवाद जो हिन्दू-मुस्लिम कारीगरो के साथ मिल कर निर्मित किया गया काँच की चुड़ियां, कंगन दस हजार डिब्बों की संख्या में आज अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ न्यास क्षेत्र परिषद के महासचिव चंपत राय को सौपा गया जो माताओ एवं बहनो को प्रसाद के स्वरूप में वितरित किया जायेगा। गुरुवार को यह जानकारी देते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन खूबसूरत चूड़ियों को हिन्दू और मुस्लिम कारीगरों ने मिलकर बनाया है। इन चूड़ियों और कंगन पर भगवान श्रीराम, माता सीता तथा हनुमान के चित्र उकेरे गये हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फिरोजाबाद से 10 हजार चूड़ियों के बाक्स को लेकर आज सुबह एक ट्रक अयोध्या पहुंचा है और इन बाक्सों को महासचिव चंपतराय जी को सौप दिया गया है।

पायनियर वर्गीकृत

CHANGE OF NAME

I, Amarjeet holder of Indian Passport No: U0479847 issued at Abu Dhabi on 25/01/2021 and Permanent Resident of Vill Satbhariya P.O. Gaunariya Thana Captanganj Kushi Nagar Pin 274301 Uttar Pradesh India and presently residing at Dubai UAE do hereby change my name from Amarjeet to Amarjeet (Given Name) Rajbhar (Surname) with immediate effect.

ड्रोन के माध्यम से अयोध्या तीर्थ क्षेत्र की निरन्तर निगरानी की जाए: डीजीपी

● पुलिस प्रमुख ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा व गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को लेकर दिए विस्तृत निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं गणतन्त्र दिवस-2024 के दृष्टिगत सुदृढ़ सुरक्षा-व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर डीजीपी विजय कुमार ने राज्य के सभी पुलिस आयुक्तों, जोनल एडीजी और रेंज के आईजी/डीआईजी, रेलवे, एटीएस, एसटीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों और जिलों के पुलिस कप्तानों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए है। डीजीपी गुरुवार को इस संबंध में पुलिस मुख्यालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग कर रहे थे। डीजीपी की ओर से निर्देशित किया गया कि समस्त कमिश्नरेट और जिलों द्वारा रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, होटल, ढाबा, सराय, रेस्टोरेंट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थलों की निरन्तर स्निफर डॉग एवं बम डिस्पोजल स्कवाड द्वारा सघन चेंकिग कराई जाए। चेकिंग के परिणामों की मुख्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष के माध्यम से निरंतर मानीटरिंग की जा रही है। समस्त कमिश्नरेट और जिलों की सोशल मीडिया टीम 24 गुणे 7 सोशल मीडिया के प्रत्येक प्लेटफार्म पर निगरानी रखें तथा मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया टीम से समन्वय रखते हुए कोई आपत्तिजनक व भ्रामक पोस्